Govt...

वार्षिक परीक्षा 2025-26

कक्षा 6 | विषय हिन्दी

दिनांक : **समय: 2:30 घंटे | पूर्णांक: 50**

खंड A – वस्तुनिष्ठ प्रश्न (8 अंक)

Q1 नीचे दिए गए दोहे को पढ़कर सही विकल्प चुनिए –
रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गई सरग पाताल।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल।।

A. सोच-समझकर बोलना चाहिए
B. मधुर वाणी में बोलना चाहिए
C. धीरे बोलना चाहिए
D. सदा सच बोलना चाहिए

Q2 'मित्र' का विलोम शब्द –

A. शत्रु
B. साथी
C. भाई
D. पड़ोसी

Q3 'सूर्य' का समानार्थी शब्द –

A. चंद्र
B. रवि
C. तारा
D. ग्रह

Q4 'लड़की' का बहुवचन –

A. लड़कियाँ
B. लड़कीयाँ
C. लड़कियो
D. लड़की

Q5 'ईमानदारी' का अर्थ –

A. झूठ बोलना
B. सत्य बोलना
C. खेलना
D. पढ़ना

Q6 'बालक' का स्त्रीलिंग –

A. बालिका
B. बाल
C. बालपन
D. बाल्य

Q7 'जल' का अर्थ –

A. आग
B. पानी
C. हवा
D. मिट्टी

Q8 'खुश' का विलोम शब्द –

A. दुखी
B. अच्छा
C. बड़ा
D. तेज

खंड B – अपठित गद्यांश (8 अंक)

पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक हैं। पेड़ हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं और वातावरण को संतुलित बनाए रखते हैं। पेड़ों से हमें फल, फूल, लकड़ी तथा औषधियाँ प्राप्त होती हैं। पेड़ वर्षा लाने में सहायक होते हैं तथा भूमि को कटाव से बचाते हैं। यदि पृथ्वी पर पेड़ नहीं होंगे तो जीवन संभव नहीं रहेगा। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए।
Q9 पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं? (2)
Q10 पेड़ वातावरण को कैसे संतुलित रखते हैं? (2)
Q11 पेड़ वर्षा लाने में कैसे सहायक होते हैं? (2)
Q12 गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (2)

खंड C – व्याकरण (14 अंक)

Q13 संज्ञा शब्द पहचानिए (3)–
राम, पुस्तक, सुंदर, विद्यालय

Q14 वचन बदलिए (3)–
बच्चा, फूल, लड़की

Q15 लिंग बदलिए (3)–
राजा, भाई, शिक्षक

Q16 विलोम शब्द लिखिए (3)–
दिन, सुख, बड़ा

Q17 समानार्थी शब्द लिखिए (2) –
सूर्य, पृथ्वी, जल

खंड D – पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्न (10 अंक)

Q18 निम्न में से कोई पाँच प्रश्न करें –
1. रहीम के दोहों से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
2. अच्छे मित्र की क्या पहचान होती है?
3. मेहनत का क्या महत्व है?
4. प्रकृति से हमें क्या सीख मिलती है?
5. समय का सदुपयोग क्यों आवश्यक है?
6. अपनी पाठ्यपुस्तक से कोई एक श्लोक लिखे?

खंड E – लेखन कौशल (10 अंक)

Q19 निबंध लिखिए (5)–
मेरा विद्यालय / मेरा प्रिय त्योहार / पेड़ों का महत्व

Q20 अपने प्रधानाध्यापक को 2 दिन की छुट्टी के लिए आवेदन पत्र लिखिए। (5)